राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# रोकठोक लेखनी

RNI NO. : MAHHIN/2019/77511

खबरें बे-रोकटोक

वर्ष 07 | अंक 30 | मुंबई : बुधवार 03 जून 2026 से 09 जून 2026 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

# 90 दिन में शौचालय ठीक करो, वरना अनुबंध रद्द पब्लिक शौचालयों के ऑपरेटरों को BMC का अल्टीमेटम

**मुंबई : मुंबई में सार्वजनिक शौचालयों की बदहाल स्थिति पर बीएमसी ने सख्त रुख अपनाया है। शहर में स्वच्छ और अनुकूल शौचालय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर मुंबई के ''पे एंड यूज'' सार्वजनिक शौचालय संचालकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधिकारियों की ओर से खराब रखरखाव पर गंभीर नाराजगी जताई गई। बीएमसी ने सभी संचालकों को तीन महीने के भीतर आवश्यक सुधार करने का निर्देश देते हुए साफ कर दिया है कि तय समय में सुधार नहीं होने पर उनके अनुबंध निलंबित या समाप्त किए जा सकते हैं।**



यह समीक्षा बैठक बीएमसी सदन के नेता गणेश खनकर की अध्यक्षता में की गई। बैठक का आयोजन केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की उस पहल के तहत किया गया, जिसमें मुंबई में सार्वजनिक स्वच्छता ढांचे को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। बैठक में नगरसेवक सिद्धांत शर्मा, उप नगर आयुक्त (घनकचरा प्रबंधन) किरण दिघावकर, उप नगर आयुक्त (जोन-7) मनीष वलंजू, आर/दक्षिण विभाग की सहायक आयुक्त आरती गोलेकर, आर/मध्य विभाग के सहायक आयुक्त प्रफुल्ल तांबे, घनकचरा प्रबंधन एवं अनुरक्षण विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न शौचालय संचालन एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**तत्काल सुधार की आवश्यकता**

समीक्षा के दौरान कई सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि अनेक शौचालयो का रखरखाव निर्धारित मानको के अनुरूप नहीं हो रहा है और कई जगहों पर तत्काल सुधार की आवश्यकता है। बीएमसी ने सभी संचालको को अगले तीन महीनों के भीतर क्षतिग्रस्त सुविधाओं की मरम्मत करने के निर्देश दिए है। इसमें टूटे हुए फिटिंग्स बदलना, दरवाजों और खिड़कियों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त टाइल्स को ठीक करना, रंग-रोगन कराना, सफाई व्यवस्था में सुधार लाना तथा शौचालय परिसरों का समग्र रखरखाव सुनिश्चित करना शामिल है। बीएमसी ने संचालको को निर्देश दिए है कि सभी शौचालयों में नागरिको की प्रतिक्रिया दर्ज करने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करनी होगी।

## इंस्पेक्शन रिपोर्ट में यह सामने आया

- » 19 शौचालय में बदबू पाई गई
- » 29 शौचालय में मिरर नहीं था
- » 15 शौचालय में फ्लोर गंदा पाया गया
- » 2 में लाइट नहीं होने की बात सामने आई
- » 51 शौचालय में शिकायत पर नहीं दिया गया ध्यान

## कहां कितने शौचालय

| | |
|---|---|
| कुल पब्लिक शौचालय | 58 |
| आर सेंट्रल में कुल शौचालय | 15 |
| आर नार्थ में कुल शौचालय | 5 |
| आर साउथ में कुल शौचालय | 28 |

## सभी जगह पाई गई अव्यवस्था...

# धारावी के तंग घरों में छिन गई नींद, गर्मी और शोर ने बढ़ाई मुश्किलें



**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के हृदय स्थल में बसे धारावी के लाखों निवासियों के लिए भीषण गर्मी और तंग रिहायशी परिस्थितियां बड़ी चुनौती बन गई हैं। संकरी गलियों और छोटे-छोटे घरों में रहने वाले लोगों की रातों की नींद उड़ चुकी है। दिनभर की मेहनत के बाद भी उन्हें चैन और सुकून नसीब नहीं हो रहा।


धारावी के अधिकांश घर टीन या अस्थायी छतों से बने हैं, जो दिनभर की तपिश को अपने भीतर समेट लेते हैं। रात होने के बाद भी कमरों का तापमान कम नहीं होता, जिससे लोगों को गर्मी और उमस के बीच रात गुजारनी पड़ती है। कई परिवारों के सदस्य घरों के बाहर, गलियों या खुले स्थानों पर बैठकर राहत पाने का प्रयास करते हैं। स्थिति को और कठिन बना रहा है लगातार बढ़ता शोर। देर रात तक चलने वाली गतिविधियां, वाहनों की आवाजाही, मशीनों का शोर और भीड़भाड़ के कारण निवासियों को पर्याप्त आराम नहीं मिल पाता। कामकाजी लोगों, बुजुर्गों और बच्चों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ''गर्मी, उमस और शोर अब हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। थकान और नींद की कमी से स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।'' विशेषज्ञों के अनुसार लगातार नींद पूरी न होने और अत्यधिक गर्मी में रहने से मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन, उच्च रक्तचाप तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

धारावी पुनर्विकास की चचाओं के बीच स्थानीय लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि भविष्य में उन्हें बेहतर आवास, पर्याप्त वेंटिलेशन और बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी जिंदगी में कुछ राहत आ सके। फिलहाल गर्मी, शोर और तंग घरों के बीच संघर्ष करना धारावी के हजारों परिवारों की नियति बन गया है।

# मिलावटी खाने पर बड़ी कार्रवाई : 1.58 करोड़ रुपये का माल जब्त... दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा

**मुंबई :** आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया है। विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में लगभग 1 करोड़ 58 लाख रुपये मूल्य का संदिग्ध एवं मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त किया गया है।




अधिकारियों के अनुसार बाजार में बिक रहे खाद्य पदार्थों की लगातार जांच की जा रही है। जांच के दौरान कई स्थानों पर गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नमूने लिए गए तथा बड़ी मात्रा में माल जब्त किया गया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

अधिकारियों ने कहा कि ''मिलावटखोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।'' जिन व्यापारियों और निमार्ताओं के उत्पाद जांच में दोषपूर्ण पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकिंग, निर्माण तिथि और वैध लाइसेंस की जांच अवश्य करें तथा किसी भी संदिग्ध खाद्य पदार्थ की सूचना संबंधित विभाग को दें।

विशेषज्ञों का मानना है कि त्योहारों और बढ़ती मांग के दौरान मिलावट की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए प्रशासन की यह कार्रवाई उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। विभाग ने भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है।

# वकोला पुलिस ने 25 साल से भारत में रह रहे केन्याई नागरिक को हिरासत में लिया...

**मुंबई:** वकोला पुलिस ने एक 61 वर्षीय केन्याई नागरिक ओसिनो एंथनी ओमोंडी को हिरासत में लिया है, जिस पर आरोप है कि वह लगभग 25 साल से वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि ओमोंडी का पासपोर्ट और वीजा एक्सपायर हो चुके थे। ओमोंडी वकोला के जवाहरलाल नेहरू रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह सैदु चॉल में अकेले रहता था। पुलिस के अनुसार, ओमोंडी 1991 में पढ़ाई के लिए मुंबई आए थे। उन्होंने 2000 में एलएलबी की पढ़ाई पूरी की।

क्राइम पुलिस इंस्पेक्टर वरुण बंदकर ने कहा कि इसके बाद ओमोंडी ने मेडिकल ट्रीटमेंट और दवाओं के लिए भारत आने वाले केन्याई नागरिकों को मदद करना शुरू किया। यह गतिविधि धीरे-धीरे उनकी रोजी-रोटी का जरिया बन गई। उन्होंने इन विदेशियों के लिए स्थानीय अस्पतालों और मेडिकल सर्विसेज के संपर्क में रहने में सहायता की।

# 5 महीनों में 32 लाख 51 हजार 623 घरों की जांच की गई

## बीमारियों से निपटने के लिए बीएमसी एक्टिव डेंगू-मलेरिया के हजारों लार्वा किए नष्ट





**मुंबई :** मानसून से पहले डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के खतरे को देखते हुए बीएमसी ने मच्छर नियंत्रण अभियान को तेज कर दिया है. मनपा के कीटनाशक विभाग ने जनवरी 2026 से 27 मई 2026 तक शहर और उपनगरों में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण, धूम्र छिड़काव और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने की कार्रवाई की है. बीएमसी के अनुसार पिछले लगभग पांच महीनों में 32 लाख 51 हजार 623 घरों की जांच की गई, जबकि 30 लाख 17 हजार 220 घरों के आसपास धूम्र छिड़काव किया गया. मनपा की इस विशेष कार्रवाई के दौरान डेंगू फैलाने वाले एडीज एजिप्टी मच्छरों के लार्वा 37 हजार 800 स्थानों पर पाए गए, जबकि मलेरिया के वाहक एनोफिलीस स्टीफेन्सी मच्छरों के लार्वा 4 हजार 529 स्थानों पर मिले. विभागीय टीमों ने इन सभी स्थानों को तत्काल नष्ट कर संक्रमण फैलने की संभावना को कम करने का प्रयास किया. बीएमसी प्रशासन का कहना है कि मानसून के दौरान जलभराव और जमा पानी के कारण मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है. इसी को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी 26 प्रशासनिक वार्डों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है. अब तक 22 हजार 80 क्षेत्रीय निरीक्षण किए जा चुके हैं. निरीक्षण के दौरान इमारतों की पानी की टंकियों, झोपड़पट्टियों में रखे पानी के ड्रम, प्लास्टिक और तिरपाल में जमा पानी, पुराने टायर, गमलों के नीचे रखी प्लेटें, नारियल के खोल, फेंकी गई पानी की बोतलें और अन्य कबाड़ सामग्री की जांच की गई.

**मनपा आयुक्त कर रही अभियान की समीक्षा**

मनपा आयुक्त अश्विनी भिड़े स्वयं विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अभियान की समीक्षा कर रही हैं. उन्होंने बताया कि कीटनाशक विभाग के एक हजार से अधिक कर्मचारी और अधिकारी लगातार मैदान में काम कर रहे हैं.

उनके अनुसार केवल धूम्र छिड़काव ही नहीं, बल्कि मच्छरों के उत्पत्ति स्थलों को समाप्त करना सबसे महत्वपूर्ण कदम है.

बीएमसी ने यह भी जानकारी दी कि शहर में चल रहे करीब चार हजार पुनर्विकास परियोजनाओं में सुरक्षा अधिकारियों को मच्छर नियंत्रण उपायों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है.

इसके अलावा 540 पुराने टायर और 1 लाख 16 हजार 251 कबाड़ वस्तुओं को हटाया गया, जो मच्छरों के पनपने का कारण बन सकते थे.

मनपा ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे घरों और आसपास पानी जमा न होने दें तथा स्वच्छता बनाए रखें, ताकि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों को फैलने से रोका जा सके.

---

# कैंसर को मात देगी एलोपैथ व आयुर्वेद की "डबल डोज"

## पहल : लखनऊ के कल्याण सिंह कैंसर सुपरस्पेशियलिटी सेंटर में शुरू होगा प्रदेश का पहला इंटीग्रेटेड आंकोलाजी सेंटर




**मुंबई :** टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पिटल में मुंह के कैंसर का इलाज कराने गए मुजफ्फरनगर के 45 साल के अनुपम वर्मा को जब अंग्रेजी के साथ आयुर्वेदिक दवाएं दी गई तो परिणाम चौंकाने वाले मिले। न सिर्फ उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ गई, बल्कि कीमोथेरेपी के बाद भी शरीर की कोशिकाएं अपेक्षाकृत स्वस्थ बनी रहीं। हरियाणा के झज्जर जिले में स्थित नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट में भी कई मरीजों को प्राकृतिक उपचार से ठीक किया गया। इसी तर्ज पर अब उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से लखनऊ के कल्याण सिंह कैंसर सुपरस्पेशियलिटी सेंटर में इस साल के अंत तक प्रदेश का पहला इंटीग्रेटेड आंकोलाजी सेंटर शुरू कर दिया जाएगा।

इसके लिए नई दिल्ली और गोवा स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआइआइए) तथा नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट झज्जर के निदेशक डा. जीके रथ से मागदर्शन लिया जाएगा। दूसरे चरण में 75 जिलों में कैंसर के उपचार के लिए खुले डे-केयर सेंटरों को आयुर्वेद से जोड़ दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैंसर के उपचार, आइसीयू व ट्रामा केयर पर विशेष रूप से फोकस किया है। बीती 14 मई को राज्य कैंसर मिशन की बैठक हुई थी। कैंसर टास्क फोर्स के अध्यक्ष डा. एमएलबी भट्ट ने प्रदेश में कैंसर की वर्तमान स्थिति, क्षेत्रवार फैलाव, रेड जोन व इलाज के परिदृश्य को लेकर प्रस्तुतीकरण किया था। डा. भट्ट की निगरानी में कल्याण सिंह कैंसर सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल में इंटीग्रेटेड आंकोलाजी (एलोपैथी, आयुर्वेद व योग) सेंटर शुरू करने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा गया था, जिसे मुख्यमंत्री ने विगत 26 मई को हुई समीक्षा बैठक तत्काल लागू करने के लिए कहा।

# बीएमसी के सभी वॉर्ड ऑफिसों में बनेगा ईवी चार्जिंग नेटवर्क

## चरणबद्ध तरीके से अपनाए जाएंगे इलेक्ट्रिक वाहन पर्यावरण अनुकूल दिशा में तेजी से बढ़ रहे कदम



**मुंबई :** बीएमसी अब अपने प्रशासनिक ढांचे में पर्यावरण अनुकूल बदलाव लाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है. मनपा प्रशासन ने शहर के सभी वॉर्ड कार्यालयों में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. इसके साथ ही आने वाले समय में बीएमसी अधिकारियों के लिए उपयोग होने वाले पारंपरिक पेट्रोल और डीजल वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है. स्थायी समिति में हाल ही में उठे विरोध और सुझावों के बाद प्रशासन इस दिशा में सक्रिय हुआ है. बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, मनपा का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और ईंधन पर बढ़ती निर्भरता को कम करना है. प्रशासन का मानना है कि देशभर में बढ़ रहे प्रदूषण और ऊर्जा संकट को देखते हुए स्थानीय निकायों को भी हरित ऊर्जा आधारित नीतियों को अपनाना आवश्यक है.

बीएमसी में ग्रीन एनर्जी मॉडल की योजना पर काम

इसी सोच के तहत अब बीएमसी अपने प्रशासनिक वाहनों और सुविधाओं को ग्रीन एनर्जी मॉडल की ओर ले जाने की योजना पर काम कर रही है. दरअसल, बीएमसी प्रशासन ने हाल ही में 22 वॉर्ड अधिकारियों के लिए पांच वर्षों की अवधि पर "वेट इस लीज" मॉडल के तहत महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन किराये पर लेने का प्रस्ताव स्थायी समिति के समक्ष रखा था. प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कई सदस्यों ने सवाल उठाए और कहा कि जब सरकार और केंद्र दोनों इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं, तब बीएमसी को भी पेट्रोल-डीजल वाहनों के बजाय ईवी विकल्पों को प्राथमिकता देनी चाहिए.

---

# जेटिंग मशीनों से क्लीन होंगे नाले; स्टैंडिंग कमिटी में प्रस्ताव पास, 180 करोड़ की अत्याधुनिक मशीनें खरीदेगी बीएमसी



**मुंबई :** वर्ष 2023 से वर्ष 2025 तक मुंबई में अचानक होने वाली बारिश से कई जगहों पर जलजमाव देखने को मिला. बीएमसी अधिकारियों की तरफ से जलजमाव का कारण नाला सफाई सही तरीके से नहीं होने की वजह बताई गई. इस स्थिति से निपटने के लिए बीएमसी ने मुंबई शहर और उपनगरों की वर्षा जल निकासी प्रणाली (ड्रेनेज सिस्टम) की हाईटेक सफाई तथा जलभराव की स्थिति में तेजी. 180 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से अत्याधुनिक "सक्शन जेटिंग संयुक्त मशीनें" खरीदने का बड़ा फैसला लिया है. इस प्रस्ताव को हुई स्थायी समिति (स्टैंडिंग कमिटी) की बैठक में मंजूर कर दिया गया. ऐसी 20 आधुनिक मशीनें जल्द ही बीएमसी के बेड़े में जल्द शामिल होंगी. बैठक के दौरान कई सदस्यों ने बीएमसी के नाला सफाई कार्य से प्रभावित नही हुए और गणेश खणकर ने अधिकारियों को लताड़ भी लगाई, लेकिन इस प्रस्ताव पर कई नगरसेवक एकजुट होकर इसे पारित करने में अहम भूमिका निभाई. नगरसेविका सईदा ने किया समर्थन एनसीपी (अजित पवार) की नगरसेविका डॉक्टर सईदा खान ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि जब वर्ष 2017 में नगरसेविका थी, तो उन्होंने बीएमसी को नालों की डीप क्लीनिंग करने के लिए कहा था. उस समय बीएमसी ने रेंट पर मशीनों को लिया था. उन्होंने बताया कि यह काम ज्यादातर रात के समय होता है.

डीप क्लीनिंग के दौरान नालों में कैमरा भेजकर स्थिति का जायजा लिया जाता है. उसके बाद सफाई की प्रक्रिया शुरू की जाती है. मुंबई की परिस्थिति को देखते हुए मशीनों की जरूरत है. यह बीएमसी को जल्द से जल्द खरीदना चाहिए. इससे नालों में अधिक पानी झेलने की क्षमता बढ़ जाती है. बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में मुंबई में मानसून के दौरान एक ही दिन में 200 से 300 मिमी या उससे अधिक वर्षा कई बार दर्ज की गई है. ऐसी भारी बारिश के कारण उन क्षेत्रों में भी गंभीर जलभराव हुआ, जहां पहले कभी पानी नहीं भरता था.

# जे.जे. के प्रसव वार्ड का हुआ आधुनिकीकरण...
# शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

**मुंबई :** राज्य सरकार द्वारा संचालित जेजे अस्पताल के प्रसव वार्ड का व्यापक नवीनीकरण और आधुनिकीकरण किया गया है. इस परियोजना का उद्देश्य मातृ व नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की गर्भवती महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है. नवीनीकृत वार्ड को आधुनिक जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरणों और उन्नत बुनियादी ढांचे से सुसज्जित किया गया है.



यह कार्य समाजसेवी नितिन इंदिरा-विष्णु कदम और टीम ट्रेंड सेटर्स के नेतृत्व में विभिन्न परोपकारी व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों और दानदाताओं के सहयोग से पूरा किया गया, अस्पताल प्रशासन का मानना है कि इस पहल से प्रसव सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और नवजात शिशुओं को बेहतर देखभाल मिल सकेगी.

औपचारिक हस्तांतरण से पहले नवीनीकृत प्रसव वार्ड का निरीक्षण अस्पताल के डीन डॉ. अजय भंडारवार, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. संजय सुरासे, विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कल्याणकर और नर्सिंग व चिकित्सा कर्मचारियों ने किया.

# महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव को लेकर महायुति में बनी सहमति

## BJP 11, शिंदे सेना 4 और NCP के खाते में 2 सीट



**मुंबई:** मुंबई से लेकर दिल्ली तक कई दौर की बैठक के बाद आखिरकार बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी वाली महायुति में विधान परिषद सीटों के बंटवारे पर बात बन गई। सीटों पर काफी खींचतान और दावे-प्रतिदावों के बाद तीनों पार्टियों के बीच 17 सीटों पर सहमति बन गई है। फाइनल फॉर्मूले के मुताबिक 17 में से BJP 11 सीटों पर, शिवसेना 4 पर और एनसीपी 2 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

सूत्रों के मुताबिक राज्य और केंद्र के नेताओं के बीच बातचीत के बाद सीटों को फाइनल किया गया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पहले 7 सीटों पर अड़े थे लेकिन मान मनौव्वल के शिंदे को 4 सीटों पर संतोष करना पड़ा, जबकि सुनेत्रा पवार की NCP को 3 की बजाए 2 सीटें मिली हैं।

दिल्ली जाने पर भी शिंदे को नहीं विधान परिषद की 17 सीटों के बंटवारे का मामला दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंचा था। शाह के साथ बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार मौजूद थीं। सूत्रों के मुताबिक शाह ने सीट बंटवारे का पूरा अधिकार सीएम, शिंदे और पवार को दे दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे के मुद्दे पर कोई विवाद नहीं होना चाहिए। इसके बाद तीनों नेताओं ने मुंबई में बैठ कर सीटों का बंटवारा फाइनल किया।

विधान परिषद चुनाव के नामांकन भरने का 1 जून को आखिरी दिन है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 2 जून को होगी। एप्लीकेशन वापस लेने की आखिरी तारीख 4 जून है। 18 जून को चुनाव होगा और वोटों की गिनती एवं नतीजों की घोषणा 22 जून को होगी।


# गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड का रास्ता साफ

## BMC का बुलडोजर एक्शन, 150 निर्माण हटाए, अगला फेज कब शुरू होगा?

**मुंबई:** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड प्रोजेक्ट के लिए जरूरी जमीन खाली करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस पहल के तहत रविवार से बीएमसी ने मुलुंड के खिंडीपाड़ा इलाके के अमरनगर में एक बड़ा तोड़फोड़ अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान लगभग 150 अवैध रिहायशी और कमर्शियल ढांचों को गिरा दिया गया। यह ऑपरेशन T वार्ड की अतिक्रमण विरोधी टीम ने किया। फिलहाल गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड प्रोजेक्ट के रास्ते में रुकावट डालने वाले अवैध ढांचों को हटाने का काम चल रहा है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस ऑपरेशन का मुख्य मकसद इस अहम सड़क के लिए जमीन उपलब्ध कराना है, जो पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों को जोड़ती है।



बीएमसी के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, गिराए गए ढांचे सीधे प्रोजेक्ट के तय रास्ते में आ रहे थे। इसलिए उन्हें हटाना जरूरी माना गया। इस इलाके में अभी भी 234 अवैध ढांचे बाकी हैं और अगले सप्ताह उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने साफ किया है कि इस तोड़फोड़ अभियान का अगला चरण जल्द ही शुरू किया जाएगा। यह तोड़फोड़ अभियान जोन 6 के डिप्टी कमिश्नर के निर्देश पर चलाया गया। T वार्ड के असिस्टेंट कमिश्नर ने इस ऑपरेशन की अगुवाई की। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुलुंड पुलिस स्टेशन के सीनियर अधिकारियों और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया था। गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड को मुंबई के सबसे अहम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में से एक माना जाता है। पूरा होने पर यह प्रोजेक्ट पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों के बीच सफर को काफी तेज कर देगा।




# लाडकी बहिन योजना में 80 लाख लाभार्थियों का पेमेंट रुका

## सुप्रिया सुले बोलीं- सरकार ने महिलाओं के साथ किया छल

**मुंबई:** महाराष्ट्र में महायुति सरकार की ओर से शुरू की गई ‘ मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना’ ( Ladki Bahin Yojana ) एक बहुत ही महत्वाकांक्षी पहल है। इस योजना की घोषणा 2024 के विधानसभा चुनावों से छह महीने पहले की गई थी। यह योजना बेहद लोकप्रिय साबित हुई और इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस पहल के तहत जिन परिवारों की सालाना आय 2.5 लाख रुपये से कम है, उन परिवारों की महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता मिलती है। हालांकि 2024 के विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में लौटने पर महायुति सरकार ने इन ‘लाडकी बहनों’ के लिए अपना ईकेवाईसी वेरिफिकेशन पूरा करना अनिवार्य कर दिया। सरकार ने लाभार्थियों से इस ईकेवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने का आग्रह किया, ताकि महिलाओं की पात्रता की पुष्टि की जा सके। इसके बाद महायुति सरकार ने ईकेवाईसी वेरिफिकेशन की समय सीमा कई बार बढ़ाई। आखिरकार ईकेवाईसी पूरा करने की अंतिम समय सीमा मार्च 2026 तय की गई। सरकार ने इस तारीख के बाद कोई और विस्तार नहीं दिया। हालांकि अब ऐसे आंकड़े सामने आए हैं जिनसे पता चलता है कि इस ईकेवाईसी वेरिफिकेशन प्रक्रिया के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं को इस योजना के लिए अपात्र घोषित कर दिया गया है। पूरे राज्य में 80 लाख महिलाओं को इस योजना से बाहर कर दिया गया है। टाइम्स ऑफ इंडिया ने इस घटनाक्रम पर रिपोर्ट दी है।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, लगभग 80 लाख महिलाओं को इस योजना के लिए अपात्र घोषित कर दिया गया है। इसके कारणों में ईकेवाईसी अपडेट न करना, निर्धारित समय सीमा के भीतर जरूरी दस्तावेज जमा या अपडेट न कर पाना या अन्य पात्रता मानदंडों को पूरा न कर पाना शामिल है। इस योजना के तहत लाभार्थियों की शुरुआती संख्या 2.46 करोड़ थी। हालांकि अब 80 लाख महिलाओं के अपात्र घोषित होने के बाद लाभार्थियों की मौजूदा संख्या घटकर 1.66 करोड़ रह गई है।

ऐसे में विपक्ष लाभार्थियों की संख्या में आई इस गिरावट को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले ने इस मुद्दे पर सरकार की कड़ी आलोचना की है। सुप्रिया सुले ने कि लाडकी बहिन योजना के तहत 80 लाख महिलाओं को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। इस योजना को चुनाव के समय बिना किसी सही जांच-पड़ताल के जल्दबाजी में लागू किया गया था। यह सचमुच अजीब बात है कि लगभग एक या डेढ़ साल बाद सरकार को अचानक एहसास हुआ कि इस योजना के तहत 80 लाख महिलाएं अयोग्य हैं।

# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## कर भुगतान पर अतिरिक्त छूट

**प्रशासन का कहना है कि इससे नागरिकों को घर बैठे कर भुगतान की सुविधा मिलेगी और प्रक्रिया अधिक सरल बनेगी। जिन संपत्ति धारकों को अभी तक कर देयक (बिल) प्राप्त नहीं हुआ है, वे केडीएमसी की वेबसाइट पर जाकर बिल एवं रसीद डाउनलोड सेवा के माध्यम से अपने संपत्ति क्रमांक की सहायता से कर बिल डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन कर भुगतान के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध "त्वरित भुगतान" विकल्प का उपयोग किया जा सकता है।**

केडीएमसी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के संपत्ति करदाताओं के लिए विशेष रियायतों की घोषणा की है। महानगरपालिका प्रशासन ने नागरिकों से ऑनलाइन माध्यम से कर भुगतान कर उपलब्ध छूट का लाभ उठाने की अपील की है। केडीएमसी द्वारा जारी सूचना के अनुसार, संपत्ति कर के सामान्य भुगतान पर 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वहीं, ऑनलाइन माध्यम से कर भुगतान करने वाले करदाताओं को अतिरिक्त 2 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा।

प्रशासन का कहना है कि इससे नागरिकों को घर बैठे कर भुगतान की सुविधा मिलेगी और प्रक्रिया अधिक सरल बनेगी। जिन संपत्ति धारकों को अभी तक कर देयक (बिल) प्राप्त नहीं हुआ है, वे केडीएमसी की वेबसाइट पर जाकर बिल एवं रसीद डाउनलोड सेवा के माध्यम से अपने संपत्ति क्रमांक की सहायता से कर बिल डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन कर भुगतान के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध "त्वरित भुगतान" विकल्प का उपयोग किया जा सकता है। करदाताओं को संपत्ति क्रमांक दर्ज कर भुगतान करने की सुविधा दी गई है। साथ ही, कर बिल पर उपलब्ध क्यूआर कोड के जरिए भी भुगतान किया जा सकता है। महानगरपालिका ने जानकारी दी है कि सभी नागरिक सुविधा केंद्रों पर सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 9.45 बजे से शाम 5.30 बजे तक कर भुगतान स्वीकार किया जाएगा। केडीएमसी प्रशासन ने नागरिकों से समय पर संपत्ति कर जमा कर रियायतों का लाभ लेने तथा महानगरपालिका के विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की है।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# नकली शराब हादसे के बाद महाराष्ट्र में बड़ी कार्रवाई, 333 गिरफ्तार...



**पुणेः** पुणे में हाल ही में हुई नकली शराब की दर्दनाक घटना, जिसमें 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी, के बाद महाराष्ट्र स्टेट एक्साइज विभाग ने पूरे राज्य में बड़ी कार्रवाई शुरू की है। इस विशेष अभियान के तहत अवैध शराब निर्माण और बिक्री में शामिल 333 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई पिछले दो से तीन दिनों के भीतर राज्यभर में चलाए गए सघन अभियान के दौरान की गई। इस दौरान कुल 440 स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें अवैध शराब कारोबार से जुड़ी बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद हुई।

स्टेट एक्साइज विभाग ने बताया कि इस कार्रवाई में 1.61 लाख लीटर ऐसे केमिकल जब्त किए गए हैं, जिनका उपयोग नकली और अवैध शराब बनाने में किया जाता था। इसके अलावा 9,686 लीटर तैयार नकली शराब भी बरामद की गई है। अभियान के दौरान पांच वाहन भी जब्त किए गए, जिनका उपयोग इस अवैध कारोबार में किया जा रहा था। बरामद की गई सभी सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 83.24 लाख रुपये बताई जा रही है। अधिकारियों ने इसे राज्य में अवैध शराब नेटवर्क के खिलाफ अब तक की एक बड़ी कार्रवाई बताया है। स्टेट एक्साइज कमिश्नर राजेश देशमुख ने कहा कि यह अभियान केवल शुरूआत है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नकली शराब के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और राज्यभर में निगरानी और सख्ती बढ़ाई जाएगी। पुणे की घटना के बाद राज्य सरकार और प्रशासन पर अवैध शराब के नेटवर्क को रोकने का दबाव बढ़ गया था। इसी के चलते एक्साइज विभाग ने विशेष टीमों का गठन कर विभिन्न जिलों में छापेमारी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर अवैध डिस्टिलरी और छोटे स्तर पर चल रहे नकली शराब निर्माण केंद्रों का भी पता चला है।

इन सभी जगहों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सामग्री जब्त की गई और संबंधित लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान का उद्देश्य राज्य में नकली शराब के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करना और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकना है। विभाग ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे अवैध शराब से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगेगा और लोगों की जान को खतरा पैदा करने वाली घटनाओं में कमी आएगी।

## मुंब्रा पुलिस स्टेशन की सीमा में दिवा क्षेत्र से 7 वर्षीय अपहृत लड़की बदलापुर से सुरक्षित बरामद

# 948 सीसीटीवी फुटेज की पुलिस ने की जांच



**ठाणे।** मुंब्रा पुलिस स्टेशन अंतर्गत दिवा परिसर से गायब हुए 7 वर्षीय बच्ची को पुलिस से बदलापुर से सकुशल बरामद कर लिया है। ऐसी जानकारी पुलिस उपायुक्त जोन 1 कार्यालय में आयोजित पत्रकार परिषद के दौरान उपायुक्त बालासाहेब पाटील ने दी। पाटील ने बताया कि यह घटना 28 मई की है। दिवा में रहने वाली साक्षी विजय कुमार पांडेय (7) घर पर बिना कुछ बताए निकल गई। परिजनों ने 29 मई को दिवा पुलिस चौकी में शिकाययत दर्ज कराई। जिसकी जांच पुलिस उपनिरीक्षक अनु शर्मा को दिया गया। उक्त घटना को लेकर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे व एसीपी प्रिया डमाले ने बच्ची के परिजनों से मुलाकात की। मामले की गंभीरता को देखते हुए बच्ची की तलाश के लिए 4 डीबी टीम व एनडीपीएस की 2 टीमे रवाना की गई। वरिष्ठों के दिशा-निर्देश में दिवा - मुंब्रा परिसर में बच्ची की तलाश की गई। इसके साथ ठाणे पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत सभी पुलिस थाने , रेलवे पुलिस थाने, सेल्टर हाउस, चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट, पुलिस मित्र ग्रुप समेत सोशल मीडिया पर बच्ची की फोटो प्रसारित की गई। पुलिस ने 948 सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जिसमें 30 मई को दिवा आगासन रोड, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर जाते हुई देखी गई। इसके बाद दिवा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक व्यक्ति के साथ बातचीत करते हुए देखी गई। इसके बाद दोनों 10 बजकर 57 मिनट की अंबरनाथ लोकल में चढ़ते दिखाई दिए। पुलिस ने कोपर से लेकर अंबरनाथ के आसपास परिसरों में भी खोजबीन की। सीसीटीवी फुटेज में अंबरनाथ स्टेशन पर दोनों उतरते हुए दिखे। दोनों बदलापुर ट्रेन में चढ़ते दिखाई दिए। रात 12 बजकर 17 मिनट पर बदलापुर स्टेशन पर उतरे। पुलिस ने 31 मई की रात डेढ़ बजे 6 टीमें बदलापुर रवाना की गई। रेलवे स्टेशन समेत आसपास परिसरों में खोजबीन कर रही थी। कि स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी दी गई, बदलापुर पुलिस ने उस अज्ञात व्यक्ति को फोटो से पहचान लिया। जिसकी पहचान सुमित शांताराम जाधव के रूप में हुई। कुछ ही देर में पुलिस उसके घर पहुंची। जहां गायब हुई लड़की के साथ 3 छोटे बच्चे और मिले। जिसके साथ बच्ची खेल रही थी।

# मुंबई : गुटखा विक्रेताओं पर एफडीए का छापा...

## 32 गिरफ्तार और 26 दुकानें सील



**मुंबई :** अन्न व औषधि विभाग (एफडीए) ने गुटखा कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। पूरे राज्य में छापेमारी करके 32 आरोपियों को गिरफतार किया गया है। कुल 26 जगहें सील की गई हैं और लाखों का माल जब्त किया गया है। एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंढे के निर्देश पर पूरे राज्य में अभियान चलाया जा रहा है। पिछले दो दिनों में एफडीए अधिकारियों ने मुंबई, कोंकण, पुणे, नासिक और छत्रपति संभाजीनगर, अमरावती विभाग में प्रतिबंधित गुटखा, पान मसाला बेचने वालों व नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसमें कोंकण विभाग में 16 जगहों पर कार्रवाई की गई और 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मुंबई में 1 जगह पर कार्रवाई की गई और 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुणे में 3 जगहों पर कार्रवाई की गई और 2 लोग गिरफ्तार हुए। नासिक में 2 जगहों पर कार्रवाई की गई और 2 लोग गिरफ्तार किए गए। छत्रपति संभाजीनगर में 11 जगहों पर कार्रवाई की गई और 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

इसी तरह अमरावती में 3 जगहों पर कार्रवाई की गई और 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एफआईआर दर्ज कर कुल 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी जगहों से 12 लाख 16 हजार 965 रुपये का सामान जब्त किया गया है। एफडीए आयुक्त मुंढे ने लोगों से मिलावटखोरों और प्रतिबंधित गुटखा विक्रेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की अपील की है. उन्होंने चेतावनी दी है कि जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा।

# भिवंडी में कथित टेरर प्लॉट का खुलासा... यूपी एटीएस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भिवंडी :** पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि महाराष्ट्र एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड और मुंबई क्राइम ब्रांच ने ठाणे पुलिस को अलर्ट किया, जब भिवंडी के गरीब नगर में कथित तौर पर जुड़े एक टेरर प्लॉट के आरोपी ने पुलिस स्टेशन की रेकी करते हुए पाकिस्तान के हैंडलर शहजाद भट्टी और ऑपरेटिव आबिद जट्ट के साथ 18 सेकंड का वीडियो साझा किया। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने भिवंडी के नारपोली पुलिस स्टेशन की तस्वीरें खींचीं और पास के एक पुल को असाइनमेंट के तहत रिकॉर्ड किया। इस वीडियो को देखकर स्थानीय पुलिस और एटीएस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की।



उत्तर प्रदेश एटीएस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान दानियाल अशरफ और कृष्ण मिश्रा के रूप में हुई है। दोनों को मई के पहले सप्ताह में उत्तर प्रदेश के बाराबंकी और गोरखपुर जिलों से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि अशरफ ने कथित तौर पर भिवंडी में पुलिस स्टेशन की रेकी की थी और इसे वीडियो में शामिल किया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों ने पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के निर्देशों के तहत यह कार्य किया था। वीडियो में आरोपी शहजाद भट्टी और आबिद जट्ट के साथ संवाद करते दिखे, जो संभावित खतरनाक गतिविधियों की ओर इशारा करता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी वीडियो में बताए गए पुल और अन्य संभावित स्थानों की जानकारी जुटा रहे थे, जिसे आगे की योजना में इस्तेमाल किया जा सकता था।

## होटल में रोटी पर थूककर परोसा, बवाल; वीडियो वायरल होने से हड़कंप

**मुंबई :** गोरेगांव पूर्व के संतोष नगर इलाके में स्थित एक होटल में रोटी पर थूककर उसे पकाने और ग्राहकों को परोसने का मामला सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए होटल कर्मचारी और मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जानकारी के अनुसार संतोष नगर स्थित ''फीस कोलीवाड़ा'' नामक होटल में काम करने वाला एक व्यक्ति कथित रूप से हर रोटी पर थूककर उसे भट्टी पर पका रहा था. वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि रोटी बनाने वाला शख्स एक-एक रोटी पर थूकने के बाद उसे सेंक रहा है और वही रोटियां ग्राहकों को परोसी जा रही हैं.

## मुंबई: महाराष्ट्र में जल भंडारण में भारी गिरावट, चिंता बढ़ी



**मुंबई:** महाराष्ट्र में कहीं भीषण गर्मी तो कहीं बेमौसम तूफानी बारिश का दौर जारी है। राज्य में 10 जून तक मानसून के दाखिल होने की संभावना नहीं है। इस बीच सूबे के बांधों में सिर्फ 27.79 फीसदी पानी ही शेष बचा है। यदि मानसून समय पर नहीं आया तो जलसंकट गहरा सकता है। जल संशाधन विभाग की ओर से सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार राज्य के कुल 3,028 बांधों में 27.79 प्रतिशत पानी बचा है। पिछले साल इसी अवधि में बांधों में जलभंडारण 30.04 प्रतिशत था। पिछले साल के मुकाबले इस साल पानी के भंडारण में 2.25 फीसदी की कमी आई है। बढ़ती गर्मी की वजह से राज्य में पानी का संकट गहराता जा रहा है। यदि मानसून समय पर नहीं आया तो पानी की कमी की गंभीरता को देखते हुए, प्रशासन ने बांधों से पानी निकालने और इस्तेमाल करने की योजना बनाने की अपील की है।

बांधों की स्थिति:- - राज्य के 276 बांधों में से सबसे ज्यादा 40.83 प्रतिशत पानी अमरावती विभाग में उपलब्ध है। पिछले साल यह स्थिति 38.72 प्रतिशत थी। - पुणे विभाग के 724 बांधों में इस साल सबसे कम पानी बचा है। बांधों में 18.92 प्रतिशत शेष बचा है। पिछले साल बांधों में 24.23 प्रतिशत पानी था। इस इलाके में इस साल पानी की बहुत कमी देखी जा रही है। - नागपुर विभाग में 38.36 प्रतिशत - कोंकण विभाग 33.72 प्रतिशत

मराठवाड़ा विभाग में 30.34 प्रतिशत - नासिक विभाग में 28.77 प्रतिशत परियोजनावार पानी का भंडारण: - बड़े प्रोजेक्ट (138): राज्य में कुल 138 बड़े प्रोजेक्ट की इस्तेमाल करने लायक स्टोरेज कैपेसिटी 29,104.35 डीएलएम है, और अभी 7,826.36 डीएलएम (26.89%) स्टोरेज मौजूद है। - मीडियम प्रोजेक्ट (244): मीडियम प्रोजेक्ट में 33.93% इस्तेमाल करने लायक स्टोरेज बचा है। - छोटे प्रोजेक्ट (2,626): छोटे प्रोजेक्ट में अभी 27.09% पानी का स्टोरेज बचा है। - राज्य में कुल बांधों की संख्या: 3,028 बांध (बड़े प्रोजेक्ट: 138, मीडियम प्रोजेक्ट: 244 और छोटे प्रोजेक्ट: 2,626) - कुल अनुमानित उपयोगी पानी स्टोरेज कैपेसिटी: 40,847.90 मिलियन क्यूबिक मीटर


## गुटखा विक्रेताओं पर छापा, 32 गिरफ्तार और 26 दुकानें सील



**मुंबई :** अन्न व औषधि विभाग (एफडीए) ने गुटखा कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। पूरे राज्य में छापेमारी करके 32 आरोपियों को गिरफतार किया गया है। कुल 26 जगहें सील की गई हैं और लाखों का माल जब्त किया गया है। एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंढे के निर्देश पर पूरे राज्य में अभियान चलाया जा रहा है। पिछले दो दिनों में एफडीए अधिकारियों ने मुंबई, कोंकण, पुणे, नासिक और छत्रपति संभाजीनगर, अमरावती विभाग में प्रतिबंधित गुटखा, पान मसाला बेचने वालों व नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसमें कोंकण विभाग में 16 जगहों पर कार्रवाई की गई और 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई में 1 जगह पर कार्रवाई की गई और 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुणे में 3 जगहों पर कार्रवाई की गई और 2 लोग गिरफ्तार हुए। नासिक में 2 जगहों पर कार्रवाई की गई और 2 लोग गिरफ्तार किए गए। छत्रपति संभाजीनगर में 11 जगहों पर कार्रवाई की गई और 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अमरावती में 3 जगहों पर कार्रवाई की गई और 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## बांग्लादेशियों के नाम पर फेरीवालों पर हो रही कार्रवाई
### कानून पूरी तरह लागू नहीं हो सका





**मुंबई :** मुंबई में फेरीवालों के मुद्दे और हाल ही में आए मुंबई उच्च न्यायालय के आदेश को लेकर पूर्व सांसद संजय निरुपम ने मुंबई बीएमसी प्रशासन पर तीखा हमला बोला सुसपैठियों के नाम पर वर्षों से मुंबई में है. उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी व्यवसाय कर रहे मराठी, उत्तर भारतीय और गुजराती फेरीवालों को निशाना बनाया जा रहा है. साथ ही उन्होंने मांग की कि 10 जून तक सभी पात्र फेरीवालों को पहचान पत्र (आईकार्ड) और क्यूआर कोड जारी कर उन्हें सम्मानपूर्वक साथ करने की अनुमति दी जाए.

मुंबई में 1 लाख 30 हजार फेरीवाले पात्र घोषित पत्रकार परिषद में बोलते हुए निरुपम ने कहा कि कई 2014 में पारित फेरीवाला कानून के तहत फेरीवालों का सर्वेक्षण कर उन्हें पात्र घोषित करने का प्रावधान था. उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों से वह इस विषय का लगातार अनुसरण कर रहे हैं, लेकिन वर्ष 2026 आने के बावजूद यह कानून पूरी तरह लागू नहीं हो सका है. 23 मार्च 2026 को मुंबई उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, मुंबई में 1 लाख 30 हजार फेरीवाले पात्र घोषित किए गए है. न्यायालय ने अवैध फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है, लेकिन पात्र फेरीवालों को व्यवसाय करने की अनुमति भी दी कर रहा है, जो न्यायालय के आदेश की अवमानना है.

मराठी बनाम गैर-मराठी का विषय नहीं ने कहा कि यह मराठी बनाम गैर-महाठी का विषय बिल्कुल नहीं है. मुंबई के कुल फेरीवालों में 40 प्रतिशत से अधिक मराठी भाषी हैं. वर्तमान में उत्तर भारत और गुजरात से आए फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने प्रशासन को चुनौती देते हुए पूछा कि अब तक कितने बांग्लादेशी फेरीवालों को पकड़ा गया है और उनके नाम सार्वजनिक किए जाएं. उन्होंने आरोप लगाया कि बोरीवली के एक विधायक ने बांग्लादेशियों के नाम पर एक स्थानीय मराठी व्यक्ति का व्यवसाय बंद जबकि इस मामले में केवल लीपापोती की गई. मुंबई के केजरीवालों कराया, के प्रतिनिधियों ने मनपा आयुक्त अश्विनी भिडे से मुलाकात की.

### केवल 20 स्थान ही ''नो-फेरीवाला जोन''

प्रशासन को चेतावनी देते हुए निरुपम ने कहा कि 10 जून तक सभी पात्र फेरीवालों को आईकार्ड और क्यूआर कोड उपलब्ध कराए जाएंगे. इन आई काडों पर किसी विशेष क्षेत्र का पता दर्ज नहीं होगा. अगले दो महीनों में ''टाउन वेडिंग कमेटी के गठन की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी, जिससे पात्र फेरीवालों का व्यवसाय सुचारु रूप से चल सकेगा, उन्होंने कहा कि मुंबई में केवल 20 स्थान ही ''नो-फेरीवाला जोन'' हैं और इसे वे स्वीकार करते हैं. निरुपम के अनुसार, जब पात्र फेरीवालों को आधिकारिक रूप से बैठने और यह व्यवसाय करने की अनुमति मिल जाएगी तब प्रशासन में होने वाली हफ्ताखोरी भी पूरी तरह समाप्त हो जाएगी

## एक घर, 28 दावेदार! म्हाडा के 2,640 फ्लैटों की लॉटरी को 75,366 आवेदन प्राप्त

**मुंबई :** म्हाडा मुंबई मंडल द्वारा घोषित २,६४० आवासों की लॉटरी के लिए कुल ७५,३६६ आवेदन प्राप्त हुए हैं। यानी प्रत्येक फ्लैट के लिए औसतन २८ आवेदक मैदान में हैं। यह आंकड़ा मुंबईकरों के बीच म्हाडा पर बढ़ते भरोसे और किफायती आवासों की भारी मांग को दशार्ता है।

मुंबई मंडल ने बताया कि लॉटरी प्रक्रिया की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, लेकिन वर्तमान में विधान परिषद चुनावों के कारण लागू आदर्श आचार संहिता के चलते लॉटरी की तारीख घोषित नहीं की जा सकती। २५




जून २०२६ को आचार संहिता समाप्त होने के बाद लॉटरी की तारीख, समय और स्थान की घोषणा की जाएगी। यह लॉटरी विक्रोली, गोरेगांव, बोरीवली, चेंबूर,बांद्रा, घाटकोपर, गिरगांव, वडाला, पवई, माझगांव, दादर और एंटॉप हिल सहित मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित आवासों के लिए आयोजित की गई है।

मुंबई मंडल ने कन्नमवार नगर, विक्रोली (पूर्व) स्थित १,२२१ फ्लैटों की कीमतों में ७.५ प्रतिशत की कमी की थी। इनमें से ६१० फ्लैट विशेष रूप से उच्च आय वर्ग के लिए आरक्षित किए गए हैं।

# मैं ना होता तो तुम जेल में होते...

## नेतन्याहू पर भड़के ट्रंप, इजरायल-अमेरिका की दोस्ती में आई दरार?

**अमेरिका : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच तीखी नोंक-झोंक की खबरें सामने आ रही है। 1 जून को दोनों बीच में हुई फोन पर तीखी बहस के बाद माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नेतन्याहू की दोस्ती में दरार आ चुकी है।**



**फोन पर हुई थी बहस**

बता दें कि Axios की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के खिलाफ युद्ध में कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच 1 जून को फोन पर तीखी बहस हुई। डोनाल्ड ट्रंप ने कथित तौर पर पीएम नेतन्याहू को सैन्य कार्रवाई बढ़ाने को लेकर फटकार लगाई। इतना ही नहीं ट्रंप ने नेतन्याहू को पागल तक कह दिया।

**सब तुमसे नफरत करते हैं**

फोन पर हुई काफी गर्मागर्म बातचीत के दौरान ट्रंप ने में बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि सब तुमसे नफरत करते हैं। Axios की रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप ने फोन पर नेतन्याहू पर खूब गुस्सा किया और इजरायल के लेबनान में सैन्य कार्रवाई बढ़ाने और बेरूत पर हमले की धमकी को लेकर पीएम को जमकर खरी-खोटी सुनाई। ट्रंप ने कहा, ''तुम पागल हो गए हो... अगर मैं न होता तो तुम जेल में होते.. मैं तुम्हारी जान बचा रहा हूं... सब इजरायल से नफरत कर रहे हैं।'' अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार ट्रंप ने चिल्लाते हुए पूछा, ''तुम क्या कर रहे हो?'' ट्रंप ने नेतन्याहू पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे अमेरिका के बड़े हितों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ट्रंप ने कहा, ''अगर वे आगे बढ़े तो इजरायल अकेला पड़ जाएगा।''

**फेमस रही दोनों की दोस्ती**

बता दें कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में नेतन्याहू और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती काफी गहरी थी। ट्रंप ने जेरूसलम को इजरायल की राजधानी माना था और वहां दूतावास शिफ्ट किया। इतना ही नहीं गोलान हाइट्स पर इजरायल का अधिकार स्वीकार किया और अब्राहम समझौते कराए। यहां तक कि 2025 में पश्चिम एशिया में ईरान पर हमला करने के मुद्दे पर भी दोनों एक साथ खड़े रहे। हालांकि दोनो के बीच हालिया विवाद ईरान नहीं बल्कि लेबनान को लेकर शुरू हुआ है। सूत्रों के मुताबिक इजरायल हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई बढ़ाना चाहता है।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में कुदरत का कहर...!

## दो बार फटे बादल, आया सैलाब



**जम्मू कश्मीर :** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के गहान सार्थल और माछीपाल इलाकों में बादल फटने की दो घटनाएं सामने आई हैं. हालांकि फिलहाल किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है लेकिन अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं.किश्तवाड़ के डीसी पंकज कुमार ने बताया कि बादल फटने के कारण तीन से चार सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, लेकिन सड़कों को कोई गंभीर नुकसान नहीं पहुंचा है. अब तक, इस घटना के परिणामस्वरूप जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है. मरम्मत का काम पहले ही शुरू हो चुका है और जनता से अपील की जा रही है कि वे झील क्षेत्र में जाने से बचें. वहीं घटना को लेकर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की दो घटनाएं सामने आईं. पहली घटना सरथल के गहान इलाके में हुई, जबकि दूसरी घटना माचीपाल से रिपोर्ट की गई. मौके से मिली शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, दोनों ही जगहों पर किसी के हताहत होने, घायल होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है. किश्तवाड़ के अतिरिक्त उपायुक्त (ADC), पवन कोटवाल (JKAS) ने इस बात की पुष्टि की है कि अब तक जान-माल के किसी भी नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है.

# लापता रॉकी की 14 दिन बाद मिली सिर कटी लाश, पत्नी-सौतेले बेटे पर आरोप...



**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में 14 दिन से लापता युवक विकसित उर्फ रॉकी का मामला अब एक सनसनीखेज हत्याकांड में बदल गया है. पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ के बाद इस पूरे मामले का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. पुलिस के मुताबिक, सिखेड़ा थाना क्षेत्र के बेहड़ा अस्सा गांव निवासी 36 वर्षीय विकसित उर्फ रॉकी 18 मई से लापता था. परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी. बताया गया कि कादीपुर गांव के जंगल में पुलिस और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई. जवाबी कार्रवाई में मोंटी त्यागी नाम का आरोपी घायल हो गया. पूछताछ में उसने कबूल किया कि उसने रॉकी के सौतेले बेटे बादल और अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या की थी.

**आरोपी ने रॉकी का अपहरण कर मारी गोली**

आरोपी ने बताया कि पहले रॉकी का अपहरण किया गया, फिर उसे गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया. पहचान छिपाने और सबूत मिटाने के लिए उसकी गर्दन काटकर चितौड़ा झाल में फेंक दी गई, जबकि धड़ को कादीपुर के एक खेत में नमक डालकर दफना दिया गया था.आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने जेसीबी की मदद से खेत की खुदाई कर रॉकी का शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

# गुजरात के सूरत में दर्दनाक हादसा,

## 2 बसों की टक्कर के बाद लगी आग, 6 लोगों की मौत!



**गुजरात :** गुजरात के सूरत जिले में बारडोली के पास धुलिया हाईवे पर मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया, जहां दो बसों के बीच टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई. टक्कर के बाद बस में आग लग गई. जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र डिपो की बस धुलिया से नवापुर होते हुए सूरत जा रही थी, तब ही उवा -मानेकपोर गांव के बीच ये हादसा हो गया. वहीं बारडोली फायर टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गई है.

**हाईवे पर लगा लंबा जाम**

हादसा इतना भयानक था कि मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ने की आशंका है. घटना के बाद हाईवे पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया और सूरत और तापी जिलों से सीनियर पुलिस अधिकारियों का एक काफिला हालात का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंच गया है.

**डिवाडर क्रॉस कर रॉन्ग साइड गई बस**

जानकारी के मुताबिक, पूरी घटना एक टैंकर के पलटने से शुरू हुई. उवा गांव के पास हाईवे पर एक टैंकर अचानक पलट गया. इसी दौरान पीछे से पूरी स्पीड में आ रही महाराष्ट्र पासिंग बस के ड्राइवर ने टैंकर से टक्कर से बचने की कोशिश की, लेकिन बचाने के चक्कर में बस ड्राइवर का स्टीयरिंग से कंट्रोल खो गया और बेकाबू बस डिवाइडर फांदकर रॉन्ग साइड में जा घुसी.

**CNG होने के चलते कुछ ही सेकंड में लगी आग**

आमने-सामने की टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक बस सड़क पर पलट गई. इनमें से एक बस सीएनजी से चलने वाली थी, इसलिए टक्कर के कुछ ही सेकंड में उसमें भयंकर आग लग गई और पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया. इसके बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई.

# पंजाब चुनाव में कांग्रेस अपने दम पर लड़ेगी या नहीं? राज्य के प्रभारी भूपेश बघेल ने साफ की तस्वीर

**पंजाब :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल ने राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार पर जोरदार हमला बोला है. उन्होंने कहा कि पंजाब में कट्टर ईमानदार की बजाय कट्टर बेईमान लोग सरकार चला रहे हैं. भूपेश बघेल मंगलवार (02 जून) को दिल्ली पहुंचे. उन्होंने पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में आयोजित बैठक में हिस्सा लिया. मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार पर जमकर निशाना साधा. कांग्रेस नेता ने कहा, ''पंजाब में ईमानदार और भ्रष्टाचार-मुक्त शासन का वादा कर आम आदमी पार्टी सत्ता में आई, लेकिन सरकार ने बेईमानी की सारी हदें पार कर दीं. पंजाब में सबसे बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार है. वहां



कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है. ड्रग्स और गैंगस्टरों का खुला राज चल रहा है.''

**पंजाब में बेईमान पार्टी की सरकार- भूपेश बघेल**

भूपेश बघेल ने आगे कहा, ''भले ही आम आदमी पार्टी को कट्टर ईमानदार पार्टी कहा जाता हो, लेकिन हकीकत यह है कि एक पूरी तरह से बेईमान पार्टी ने वहां सरकार बना रखी है.'' पंजाब चुनाव को लेकर भूपेश बघेल ने बताया कि पंजाब विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस में पिछले कुछ दिनों में दो महत्वपूर्ण बैठकें हो चुकी हैं. इन बैठकों में पंजाब की मौजूदा स्थिति, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई. बघेल का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पंजाब में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं और कांग्रेस पार्टी आगामी चुनावों की तैयारी में जुटी हुई है.

# ट्रॉल्स को करारा जवाब



**मुंबई :** दिसंबर २०२४ में नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ परिवार की मौजूदगी में शादी की थी। इस शादी ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। इससे पहले अगस्त २०२४ में दोनों ने सगाई की थी। हालांकि, अपने रिश्ते को लेकर दोनों ने कभी खुलकर बात नहीं की, लेकिन उनके अफेयर की खबरें लंबे समय से चर्चा में थीं। अब शोभिता धूलिपाला ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर होने वाली चर्चाओं और ट्रोलिंग पर प्रतिक्रिया दी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि इन अनुभवों ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया है। उनके अनुसार, लोगों की दिलचस्पी सिर्फ उत्सुकता की वजह से थी और उन्होंने कभी भी इन बातों को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। शोभिता ने कहा कि समय के साथ उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और अब वह अपने बारे में अधिक स्पष्ट हैं। उन्होंने ट्रोलिंग और आलोचनाओं की तुलना मौसम से करते हुए कहा कि जैसे मौसम बदलता रहता है, वैसे ही लोगों की राय भी बदलती रहती है। इसलिए व्यक्ति को भीतर से मजबूत और संतुलित रहना चाहिए।



# 'सपने में भी नहीं सोचा'

**मुंबई:** अक्षरा सिंह ने अब बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनानी शुरू कर दी है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के लेटेस्ट गाने 'घिस-घिस' में वह अक्षय कुमार के साथ नजर आईं, जिसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह गाना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है और इंस्टाग्राम रील्स से लेकर यूट्यूब ट्रेंडिंग तक छाया हुआ है। अपने पहले ही बड़े बॉलीवुड प्रोजेक्ट से अक्षरा ने हिंदी सिनेमा के दर्शकों का दिल जीत लिया है।

ने की सफलता से भावुक होकर अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने यूपी, बिहार, झारखंड से लेकर पूरे भारत तक मिले प्यार के लिए धन्यवाद कहा। उन्होंने लिखा कि 'ओह माई गॉड, सपने में भी नहीं सोचा कभी।' यह सिर्फ शुरुआत है और लक्ष्य इसे नंबर १ बनाना है। एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के साथ काम करना उनके लिए सपने जैसा था।

# उर्फी का छलका दर्द



**मुंबई :** टीवी एक्ट्रेस, होस्ट और इंटरनेट पर्सनैलिटी उर्फी जावेद ने हाल ही में अपने संघर्ष भरे सफर को लेकर खुलकर बात की। सोहा अली खान के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में शुरुआत करना उनके लिए बेहद मुश्किल रहा। उर्फी ने कहा कि टीवी में आने से पहले उन्होंने कई आर्थिक परेशानियों का सामना किया और कॉल सेंटर में काम करने के साथ-साथ ट्यूशन भी पढ़ाई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह अपने हिंसक पिता से बचने के लिए घर छोड़कर दिल्ली आ गई थीं। मुंबई में स्टार बनने का सपना देखते हुए उन्होंने कई ऑडिशन दिए, लेकिन बिना कॉन्टैक्ट्स के काम मिलना मुश्किल था। टीवी में उन्हें सिर्फ छोटे रोल मिले, जिनसे वह खुश नहीं थीं। बाद में उन्होंने DIY फैशन कंटेंट बनाना शुरू किया, जिसने उन्हें पहचान दिलाई। आगे चलकर बिग बॉस ओटीटी उनकी जिंदगी का बड़ा टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ।



# 'दूसरों को खुश करने की जरूरत नहीं'

**मुंबई :** मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और आलोचनाओं को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अब उन्होंने अपनी अंदरूनी खुशी और मानसिक शांति को संभालना सीख लिया है। इंटरव्यू में मलाइका ने बताया कि इंटरनेट पर बहुत शोर होता है, लेकिन हर राय जरूरी या समझदारी भरी नहीं होती।

उन्होंने कहा कि अगर कोई अपनी खुशी को दूसरों की सोच पर छोड़ दे, तो वह कभी सच्ची खुशी महसूस नहीं कर सकता। मलाइका ने यह भी कहा कि अब वह अपने बारे में हर बात नहीं पढ़तीं और न ही हर कमेंट को दिल पर लेती हैं। वह अपने काम, परिवार और रोजमर्रा की अच्छी आदतों पर ध्यान देती हैं। उनके अनुसार, उम्र के साथ उन्होंने खुद को स्वीकार करना और बिना किसी माफी के अपनी जिंदगी जीना सीख लिया है। मलाइका ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, 'आज मैं जैसी हूं, उसे बिना किसी माफी के अपनाती हूं। अब मुझे खुद को बदलकर दूसरों को खुश करने की जरूरत नहीं लगती। अपनी जिंदगी के इस पड़ाव पर मुझे अपने आप में ही सुकून मिलता है।'

# 'शाह रुख को कहने की हिम्मत...', रोमांटिक रोल्स के लिए तापसी पन्नू को कही गई कड़वी बात, एक्ट्रेस का फूटा गुस्सा



तापसी पन्नू अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने फिल्मों में बेबाक कैरेक्टर्स निभाने के साथ-साथ रोमांटिक रोल्स में भी जान भरी है। मगर एक बार तापसी से कहा गया था कि वह रोमांटिक मूवीज के लिए खास यंग नहीं हैं। तापसी पन्नू ने एक हालिया इंटरव्यू में खुलासा किया है कि जब वह 30 साल की थीं, तब उनसे कहा गया था कि वह रोमांटिक रोल्स के लिए नहीं बनी हैं। वह इसके लिए काफी बड़ी हैं।

टाइम्स एंटरटेनमेंट के साथ बातचीत में तापसी पन्नू ने कहा, ''मैं अपनी उम्र के 20वें दशक के बीच में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आई थी। तीन-चार साल तक तो आपको अच्छा रोल पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। जब तक आप अपनी पहचान बना पाती हैं, तब तक आप 30 साल की हो चुकी होती हैं। फिर वे कहते हैं कि आप रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में काम करने के लिए उतनी यंग नहीं हैं।'' तापसी पन्नू ने आगे कहा, ''आज भी कई बार मुझे लगता है कि इस रोल के लिए असल में किसी यंग आर्टिस्ट की जरूरत नहीं है।' फिर भी वे यंग आर्टिस्ट को ही लेना चाहते हैं। पुरुषों के मामले में ऐसा नहीं होता। बेशक यह हम सब देख सकते हैं लेकिन हां उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी समस्या है।''
तापसी पन्नू ने आगे कहा, ''आज भी कई बार मुझे लगता है कि इस रोल के लिए असल में किसी यंग आर्टिस्ट की जरूरत नहीं है।' फिर भी वे यंग आर्टिस्ट को ही लेना चाहते हैं। पुरुषों के मामले में ऐसा नहीं होता। बेशक यह हम सब देख सकते हैं लेकिन हां उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी समस्या है।''

# लश्कर हेडक्वार्टर के बाहर लगा 'पहले और बाद' का बोर्ड!

## भारतीय स्ट्राइक, पुनर्निर्माण और फंडिंग के दावों पर बढ़ी चर्चा





**पाकिस्तान :** पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा ने ऑपरेशन सिंदूर में अपने ध्वस्त हेडक्वार्टर मरकज तैयबा के परिसर के बाहर एक बोर्ड लगाया है. बोर्ड में भारतीय वायुसेना की स्ट्राइक से पहले की तस्वीर और स्ट्राइक के बाद अगले दिन हेडक्वार्टर की ध्वस्त हालत की तस्वीर दिखाई गई है. बोर्ड पर दोनों तस्वीरों के साथ परिसर को सरकारी मस्जिद उम्म उल कुरा नांगल सदन, मुरीदके बताया गया है.

भारतीय वायुसेना की स्ट्राइक को 1 साल से ज्यादा समय हो चुका है. फिलहाल लश्कर ए तैयबा ने अपने ध्वस्त हेडक्वार्टर के निर्माण का काम नहीं शुरू किया है. पहले जिस जगह पर एक समय पर लश्कर ए तैयबा का हेडक्वार्टर की दो इमारतें खड़ी हुआ करती थी वो भारतीय मिसाइल स्ट्राइक में तबाह हो गई थी. इस इमारतों को फिर से पिछले साल सितंबर में जेसीबी मशीन ने गिरा दिया गया था और पूरा परिसर इस समय खाली प्लॉट में तब्दील हो चुका है.

**पाकिस्तानी सरकार से मिले पैसे किए खर्च**

सूत्रों के मुताबिक वैसे तो पिछले साल ही इमारत के पुनर्निर्माण का काम शुरू हो जाना था, जैसे जैश ए मोहम्मद ने अपने बहावलपुर स्थित हेडक्वार्टर की मरम्मत का शुरू किया हुआ है. हालांकि, पाकिस्तान की सरकार से मिले मरम्मत के 28 करोड़ पाकिस्तानी रुपयों को लश्कर ए तैयबा ने हथियार खरीदने और अपनी राजनीतिक पार्टी पाकिस्तानी मरकजी मुस्लिम लीग के काम में लगा लिया और आज तक पुनर्निर्माण का काम नहीं शुरू हुआ. जानकारी के मुताबिक पुनर्निर्माण के पैसे को हथियार और राजनीतिक काम में इस्तेमाल लश्कर ए तैयबा ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ककककी देखरेख में ही किए हैं. इस साल मार्च में FATF की टीम को पाकिस्तान का दौरा करना था.

ऐसे में पाकिस्तान की सरकार ने फैसला किया था कि FATF को मुरीदके का दौरा कराया जाएगा. इसी कारण पुनर्निर्माण नहीं करवाया गया ताकि पाकिस्तान की सरकार ऋअळऋकी टीम को दिखा सके कि पाकिस्तान का सरकारी तंत्र लश्कर ए तैयबा की मदद नहीं कर रहा है. नेशनल एक्शन प्लान के तहत साल 2019 में ही दिखावे के लिए पाकिस्तान की सरकार ने लश्कर के इस हेडक्वार्टर को अपने अधिकार में ले लिया था. लेकिन ये सिर्फ कागज पर था. लश्कर हेडक्वार्टर मरकज तैयबा का संरक्षक 2021 से लश्कर आतंकी मुफ्ती अब्दुर रहमान आबिद है. ऐसे में FATF की टीम के दौरे से पहले पुनर्निर्माण ना शुरू करवा कर ककने झूठा लेकिन पुख्ता संदेश देने की कोशिश की कि वो आतंकी तंजीम नहीं कर रहा है. लश्कर को भी इजाजत दे दी की वो पुनर्निर्माण के नाम पर मिले 28 करोड़ रुपये का इस्तेमाल हथियार और राजनीतिक खर्च के लिए कर ले.

# नाला सफाई के बीएमसी के दावों की खुलने लगी पोल ! ईस्टर्न सबर्ब में 79% काम का दावा, कई इलाकों में ठेकेदार तक गायब



**मुंबई :** मॉनसून से पहले नाला सफाई को लेकर बीएमसी प्रशासन बड़े-बड़े दावे कर रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। मुंबई में बड़े नालों की सफाई 89% और छोटे नालों की सफाई 91% से अधिक हो चुकी है, यह दावा बीएमसी ने किया है। रविवार को जारी रिपोर्ट में बीएमसीने कहा कि ईस्टर्न सबर्ब में 79% नाला सफाई पूरी हो चुकी है, जबकि पूरे मुंबई में बड़े नालों की सफाई 89 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मुंबई सिटी में बड़े नालों की सफाई 100 प्रतिशत और वेस्टर्न सबर्ब में 93 प्रतिशत काम पूरा होने का दावा भी किया गया है।

लेकिन कई इलाकों में हालात ऐसे हैं कि वहां नालों की सफाई शुरू तक नहीं हो पाई है। वहीं, 2005 की बाढ़ में मुंबई के कई इलाकों के डूबने का प्रमुख कारण बनी मीठी नदी की सफाई सिर्फ 70 प्रतिशत हुई है। बता दें कि मुंबई में 309 मेजर नाले जबकि माइनर नालों की संख्या 1508 है। वहीं सड़कों के किनारे गटर और स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज लाइन की संख्या करीब 1400 है।

**आदर्श नगर नाले की सफाई सिर्फ 10%:** सबसे चौकाने वाला मामला गोवंडी के आदर्श नगर नाले का है। यहां जिस ठेकेदार को सफाई का काम दिया गया था, वह पहले से ब्लैकलिस्टेड निकला। इसके चलते काम शुरू ही नहीं हो पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हल्की बारिश में ही नाले का पानी घरों में घुसने लगा है। टक्ट नगरसेवक जमीर कुरैशी ने आरोप लगाया कि आदर्श नगर नाले की सफाई का 10% काम भी पूरा नहीं हुआ है। यह नाला करीब 500 घरों को प्रभावित करता है और हर साल बारिश में यहां पानी भर जाता है। कुरैशी के मुताबिक, प्रशासन को शिकायत करने के बाद दूसरे वॉर्ड के ठेकेदार से काम कराने की बात कही गई, लेकिन अब तक जमीन पर कोई काम नजर नहीं आ रहा।

### सफाई में नालों से निकला था ऑटो, सोफा और फ्रिज

बीएमसी हर साल नालों की सफाई करती है और लोगों से अपील करती है कि वे नालों में कचरा न डालें, लेकिन इसके बावजूद लोग बाज नहीं आते। पिछले दिनों साकीनाका इलाके में नाले की सफाई के दौरान एक पुराना ऑटो निकला। वहीं कुर्ला, गोवंडी और मानखुर्द जैसे इलाकों में नालों से रिक्शा, सोफा, गद्दा, बेड और कबर्ड जैसी चीजें निकाली गईं। कई नालों से कूलर और पंखे जैसी मशीनें भी मिलीं। इन हालातों ने बीएमसी प्रशासन को भी हैरान कर दिया है। बीएमसी हर साल नालों के रखरखाव पर करोड़ों रुपये खर्च करती है। इस साल सीवेज ऑपरेशन पर 700 करोड़ रुपये, सीवेज प्रोजेक्ट पर 960 करोड़ रुपये और सीवेज-ड्रेनेज व्यवस्था के सुधार व मेंटेनेंस पर 6600 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वहीं बीएमसी के अपने दस्तावेजों में खुलासा हुआ है कि एस वॉर्ड में छोटे नालों की सफाई सिर्फ 14% ही पूरी हुई है। एस वॉर्ड के तहत मुलुंड, भांडुप, नाहूर, सोनापुर, फिल्टरपाड़ा और एलबीएस रोड से जुड़े कई इलाके आते हैं। इन इलाकों में हर साल बारिश के दौरान जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है।

# फर्जी स्टिकर्स लगाने वाले वाहन चालकों की खैर नहीं



ऐसे फर्जी स्टिकर्स से ट्रैफिक पुलिस और इमरजेंसी सेवाओं की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।
**– अशोक दातार, ट्रैफिक विशेषज्ञ**

**मुंबई :** मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों पर वीवीआईपी, पुलिस, प्रेस, नेवी और आर्मी के फर्जी स्टिकर्स लगाने के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत अवैध स्टिकर्स, ब्लिंकिंग लाइट्स और सायरन जब्त किए जाएंगे। ट्रैफिक पुलिस अधिकारी जगदीश भोपले ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को परेशान करने वाले रुतबा दिखाने वाले चालकों अंकुश लगाना है। अधिकारी प्रमोद शिंदे ने बताया कि यह अभियान स्टीकरों के जरिए धौंस दिखाने वालों को सबक सिखाने वाली पहल होगी। इसे दोहराने वालों के खिलाफ वाहन रजिस्ट्रेशन रद्द करने और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

3 वर्षों में कार्रवाईः पुलिस के फर्जी स्टिकर्स के खिलाफ 3 वर्षों में विशेष अभियान चलाकर 3,250 वाहनों से स्टिकर्स हटाए गए थे। 2021 में बॉम्बे ज्ञ्व के आदेश पर ऐसे स्टिकर्स पर 200 का जुमार्ने का प्रावधान किया गया था। फिर भी समस्या बरकरार थी।

# अंधेरी वेस्ट में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत! इलाके में आक्रोश...




**मुंबईः** अंधेरी वेस्ट स्थित लोखंडवाला बैक रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 82 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। यह घटना 31 मई को उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में सड़क पर बढ़ती लापरवाही और तेज रफ्तार वाहनों को लेकर गहरी चिंता जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अंधेरी के फोर बंगलोज इलाके में रहने वाले राधाकृष्ण के. पी. मेनन के रूप में हुई है। वे रोजाना की तरह अपनी शाम की दिनचर्या के तहत अपनी पोती से मिलने के लिए घर से निकले थे, तभी लोखंडवाला बैक रोड पर यह हादसा हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक काफी तेज रफ्तार में थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण राधाकृष्ण मेनन को टक्कर लग गई। टक्कर इतनी गंभीर थी कि वे मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव और नाराजगी का माहौल है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर 4 ए, फ्लोर-जीआरडी, 29 डी, शबन हाउस, वंजावाडी लेन, माहिम वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र - 400016 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhani.com